कर दिया जायेगा। अतः आवेदक को स्वयं की एप्लीकेशन आईडी का ही प्रयोग कर आवेदन करना अनिवार्य होगा ।

(ख) किसी भी आवेदक द्वारा online application form निम्नानुसार भरा जा सकेगा :–

i. अभ्यर्थी अपने स्तर पर अथवा अन्य एजेन्सी (साईबर कैफे आदि) के माध्यम से वेबसाईट https://recruitment2.rajasthan.gov.in पर आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में अनुदेश व प्रपत्र भी उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध होंगे। इस स्थिति में परीक्षा शुल्क नेट–बैंकिंग या डेबिट/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से जमा करवाना होगा।

ii. अभ्यर्थी द्वारा राज्य सरकार के अधीन संचालित ई–मित्र कियोस्क के माध्यम से आवेदन करने एवं परीक्षा शुल्क जमा कराने हेतु संबंधित ई–मित्र कियोस्क को सेवा शुल्क का भुगतान करना होगा जिसकी कियोस्क द्वारा रसीद जारी की जावेगी।

(ग) हाथ से भरे गये आवेदन–पत्र/हार्ड कॉपी के रूप में किसी भी प्रकार के आवेदन–पत्र विभाग द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(घ) i. आवेदकों की सुविधा के लिए राज्य के समस्त ई–मित्र कियोस्क की सूची वेबसाईट www.emitra.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध होगी।

ii. Online application form में समस्त वांछित सूचना अंकित करना आवश्यक होगा। कोई सूचना गलत या अपूर्ण भरने पर अभ्यर्थी का आवेदन रद्द कर दिया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी। गलत सूचना या अपूर्ण आवेदन में सुधार हेतु पृथक से कोई प्रार्थना–पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

iii. ऑनलाईन आवेदन के उपरान्त अभ्यर्थियों को आवेदन–पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से उपलब्ध होगा और यदि आवेदन–पत्र क्रमांक (एप्लीकेशन आई.डी.) अंकित या प्राप्त नहीं हुआ होगा तो इसका अर्थ यह होगा कि उसका आवेदन–पत्र जमा नहीं हुआ है। आवेदन प्रपत्र के preview को आवेदन submit नहीं माना जाये।

**3. <u>परीक्षा शुल्क</u>**

| | | |
|---|---|---|
| (क) सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों हेतु | – | रूपये 200/– |
| (ख) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ईडब्ल्यूएस /एम.बी.सी आवेदक हेतु | – | रूपये 175/– |

**4. <u>शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रवेश–पत्रः–</u>**

विभाग द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए प्रवेश–पत्र ऑनलाईन ही जारी किये जायेंगे और डाक द्वारा कोई भी प्रवेश–पत्र नहीं भेजे जायेंगे। शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु ई–प्रवेश पत्र उपलब्ध होने की सूचना समाचार पत्रों/वेबसाईट पर पृथक से प्रकाशित की जायेगी। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र वेबसाईट पर SSO ID से Log in के पश्चात् https://recruitment2.rajasthan.gov.in से Download कर सकेंगे। प्रवेश–पत्र सम्बन्धी सूचना अभ्यर्थी के ई–मेल आई.डी.(E-mail ID) एवं मोबाईल नंबर पर भी भेजी जावेगी।

एक से अधिक आवेदन करने पर अभ्यर्थी को नामांकन प्रक्रिया से वंचित कर दिया जायेगा।

**5. आरक्षण :–**

(अ) राज्य सरकार द्वारा विभिन्न वर्गों को आरक्षण निम्नानुसार देय होगा:–

| | |
|---|---|
| 1. अनुसूचित जाति | 16 प्रतिशत |
| 2. अनुसूचित जनजाति | 12 प्रतिशत |
| 3. अन्य पिछड़ा वर्ग | 21 प्रतिशत |

